माँ पाटेश्वरी विश्वविद्यालय, बलरामपुर, उ०प्र०

MAA PATESWARI UNIVERSITY, BALRAMPUR, U. P.

Website : https://mpublp.ac.in E-mail : **coe.mpublp@gmail.com**

पत्रांक सं.: माँ0पा0वि0वि0/COE/2026/301 दिनांकः 27,जून 2026

सेवा में,

प्राचार्य / प्राचार्या / समन्वयक
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय
माँ पाटेश्वरी विश्वविद्यालय, बलरामपुर

विषयः— प्रायोगिक परीक्षा सम्पन्न कराते हुए बाह्य एवं आंतरिक अंको को पूरित करने के सम्बन्ध में।

महोदय / महोदया,

माननीय कुलपति महोदय के आदेशानुसार अवगत कराना है कि विश्वविद्यालय के पत्रांक माँ0पा0वि0वि0/COE/2026/298 दिनांकः25,जून 2026 के द्वारा विश्वविद्यालय की सत्र 2025—2026 के द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षाओं के सापेक्ष **29 पाठ्यक्रमों** की प्रायोगिक परीक्षा के बाह्य एवं आंतरिक अंको को पूरित करने हेतु पोर्टल दिनांक **27.06.2026 से 06.07.2026** तक के लिए खोला गया था। **शेष पाठ्यक्रमों के बाह्य एवं आंतरिक अंको को पूरित करने हेतु पोर्टल दिनांक 29.06.2026 से 08.07.2026 तक खोला जा रहा है।** साथ ही यह भी अवगत कराना है कि उक्त पोर्टल लिंक, यूजर आई.डी. एवं पासवर्ड महाविद्यालय के ई—मेल पर पूर्व में प्रेषित किया जा चुका है ।

अतः उक्त समयावधि में प्रायोगिक परीक्षा सम्पन्न कराते हुए अंको को पोर्टल पर पूरित कर शीलबंद हार्डकापी अधोहस्ताक्षरी को दिनांक **09.07.2026** तक उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। जिन छात्र / छात्राओं को **85 प्रतिशत** से अधिक अंक प्रदान किये जायेंगे, उनकी वीडियो रिकार्डिंग के साथ हार्डकापी प्रस्तुत करना होगा। यदि नियत तिथि तक प्रायोगिक / प्रोजेक्ट वर्क / मौखिकी की परीक्षा सम्पन्न नहीं करायी जाती है तो, सम्बन्धित महाविद्यालय का अपूर्ण परीक्षाफल घोषित कर दिया जायेगा, जिसकी समस्त जिम्मेदारी महाविद्यालय की होगी। उक्त अवधि के पश्चात् यदि कोई महाविद्यालय प्रायोगिक परीक्षा कराने का अनुरोध करता है, तो उक्त हेतु अतिरिक्त शुल्क अधिरोपित करने हेतु विश्वविद्यालय स्वतंत्र होगा।

भवदीय

(दिनेश कुमार मौर्य)
परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः—

1. कुलपति कार्यालय, माननीय कुलपति महोदय के सूचनार्थ ।
2. नोडल अधिकारी, समर्थ पोर्टल को इस आशय से प्रेषित कि उक्त सूचना को समस्त महाविद्यालय के लॉगिन पर अपलोड करना सुनिश्चित करें।
3. कार्यालय प्रति ।

परीक्षा नियंत्रक